






## पानसेमल में 60 व खेतिया में आए 19 आवेदन



**पानसेमल।** नगर सहित अन्य स्थानों पर राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार मतदाता पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत नाम जुड़वाना, नाम कम करने एवं मतदाताओं के नाम संशोधन के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। पानसेमल में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रमेश सिसोदिया ने बताया कि कलेक्टर जयतिसिंह के मार्गदर्शन में मतदाता पुनरीक्षण कार्य जारी है। प्रत्येक वार्ड में प्राधिकृत अधिकारी (बीएलओ) नियुक्त किए हैं। पानसेमल में मंगलवार तक नाम जोड़ने के लिए 49 नाम, नाम कम करने के लिए 9 व नाम संशोधन के 2 आवेदन प्राप्त हुए। दीवानसिंह सोलंकी, प्रदीप साटोटे व अन्य कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। खेतिया में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व तहसीलदार पानसेमल सुनील सिसोदिया ने बताया कि नए आवेदन नाम जोड़ने के लिए प्रारूप 6 के लिए 10 आवेदन, नाम हटाने के लिए प्रारूप 7 तथा 2 आवेदन नाम संशोधन के लिए प्राप्त हुए हैं। दावे आपत्ति के लिए 17 अक्टूबर अंतिम तिथि रहेगी। निर्वाचन कार्य राजेश कुलकर्णी एवं सहयोगी टीम द्वारा किया जा रहा है। अधिकारियों ने कर्मचारियों से मुनादी कर व्यापक प्रचार करने के भी निर्देश दिए हैं, जिससे कोई भी मतदाता सूची में जुड़ने से छूट न पाए।

## परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक



**सेंधवा।** वीर बलिदानी खाज्या नायक शासकीय महाविद्यालय में कई विभागों की प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रभारी प्रो दीपक मरमट ने बताया कि यह एक जानकारीमूलक कार्यक्रम था जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में विभिन्न विभागों की शासकीय सेवाओं के प्रति अवेयरनेस लाना था। कार्यक्रम में केंद्रीय व राज्य शासन के विभागों में निकलने वाली रिक्तियों, रेलवे एवं बैंकिंग सेक्टर से संबंधित परीक्षाओं की तैयारी, पुलिस सेवा की जानकारी विद्यार्थियों को दी। सहप्रभारी प्रो वीरेंद्र मुवेल एवं प्रोफेसर सायसिंह अवास्या ने भी परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में आईबीपीएस, एसएससी, रेलवे, एमपीपीएससी, मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने संचालित परीक्षाओं की जानकारी दी।

## 16 को होगी जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**बड़वानी।** कलेक्टर जयति सिंह की अध्यक्षता में 16 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे कलेक्टोरेट सभागृह में जिला स्वास्थ्य समिति (कार्यकारिणी) की बैठक आयोजित की गई है।

## 17 को होगी सामान्य प्रशासन समिति की बैठक

**बड़वानी।** जपं की अध्यक्ष भुंटीबाई पप्पु पटेल की अध्यक्षता में 17 अक्टूबर दोपहर 2 बजे सामान्य प्रशासन समिति की बैठक जपं में होगी। जपं की रिक्त भूमि पर कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य, कर्मचारियों के संलग्नीकरण व अन्य विषयों की समीक्षा की होगी।

## स्काईस्कैनर ने ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्ट जारी की

**इंदौर.** अग्रणी ग्लोबल ट्रैवल ऐप, स्काईस्कैनर ने नई दिल्ली के लटांगो, नेहरु प्लेस में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में अपनी ट्रैवल ट्रेंड्स 2026 रिपोर्ट जारी की. इस कार्यक्रम में सूर्य कुमार यादव मौजूद थे.इस लॉन्च कार्यक्रम में साल के लिए सबसे किफ़ायती और लोकप्रिय यात्रा स्थलों तथा सात प्रमुख यात्रा ट्रेंड्स का अनावरण हुआ. साहित्यिक यात्रा से लेकर ग्रोसरी के गलियारों तथा स्किनकेयर से प्रेरित यात्रा कार्यक्रम तक, स्काईस्कैनर की रिपोर्ट में सामने आया कि 2026 का साल व्यक्तिगत यात्रा का साल होने वाला है. भारतीय यात्री ऐसी ट्रिप्स की योजना बना रहे हैं, जो उनकी रुचियों और पहचान से मेल खाती हों. इस रिपोर्ट के बारे में नील घोष, स्काईस्कैनर ट्रैवल ट्रेंड्स एंड डेस्टिनेशंस एक्सपर्ट ने कहा भारतीयों द्वारा यात्रा करने के तरीके में परिवर्तन हो रहा है. यात्राओं का झुकाव गहरे अर्थ और ज्यादा व्यक्तिगत विकल्पों की ओर बढ़ता जा रहा है.

## टाटा प्ले लगाओ अभियान पेश

**इंदौर.** टाटा प्ले ने अपना डीटीएच अभियान समझदार बनो, टाटा प्ले लगाओ पेश किया है. यह पारंपरिक विज्ञापन से बिल्कुल अलग है. इसमें एआई से बनाया गया एक समझदार उल्लू और एक बुद्धिमान गधा दिखाया गया है. यह ग्राहकों को मजेदार तरीके से टाटा प्ले के फायदों के बारे में बता रहा है. इस अभियान के बारे में कृष्णेंदु दासगुप्ता, हेड मार्केटिंग कम्युनिकेशंस, टाटा प्ले ने कहा यह अभियान एक सरल, लेकिन शक्तिशाली जानकारी पर आधारित है कि जब भी दर्शक अपनी पसंद का मनोरंजन देखना चाहते हैं, तो वो भीड़ नहीं, बल्कि स्पष्टता पसंद करते हैं. उनके पास अनेकों विकल्प उपलब्ध होते हैं, लेकिन उनके कारण भ्रम और अधिक बढ़ जाता है. हल्के-फुल्के और दिलचस्प क्षणों द्वारा हमारा बुद्धिमान उल्लू और समझदार गधा विश्वसनीय मार्गदर्शक के रूप में दर्शकों को निर्णय लेना बहुत आसान बना रहे हैं.

## फोनपे लाया 24 के डिजिटल गोल्ड पर कैशबैक ऑफर!

**इंदौर.** धनतेरस के शुभ अवसर पर, फोनपे ने अपने ग्राहकों के लिए 24के डिजिटल गोल्ड की खरीद पर रोमांचक कैशबैक ऑफर्स की घोषणा की है. फ़ोनपे से न्यूनतम 2000 रुपए तक का डिजिटल गोल्ड खरीदने पर यूजर्स 2% का फ्लैट कैशबैक (2000 रुपए तक) प्राप्त कर सकते हैं. यह ऑफ़र 18 अक्टूबर को केवल वन-टाइम ट्रांजेक्शन पर लागू होगा. यूजर फ़ोनपे प्लेटफ़ॉर्म पर एमएटीसी-पीएएमपी, सेफगोल्ड और कैरेटलेन जैसी डिजिटल गोल्ड क्षेत्र की अग्रणी और विश्वसनीय कंपनियों से 99.99% शुद्धता-प्रमाणित 24 कैरेट डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं. वन-टाइम शॉपिंग के अलावा, फ़ोनपे यूजर्स को डेली या मंथली एसआईपी के माध्यम से डिजिटल रूप से गोल्ड में निवेश करने की सुविधा भी देता है.

## रास गरबा महोत्सव का आयोजन

**इंदौर.** रास गरबा महोत्सव का आयोजन सिंधु भवन, अन्नपूर्णा मंदिर के पास किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में राजेश जैन युवा जैन रत्न उद्योगपति, गायक चिंतन बाकलीवाल, जेडी लोक शिक्षण संभाग इंदौर अनिता चौहान, विश्व हिंदू परिषद प्रमुख राजेश बिंजवा, पार्षद कंचन गिदवानी, अनंत महंत इंदौर सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष एवं विश्व ब्राह्मण समाज प्रमुख, नितिन छाजेड़ होटल वर्ल्ड डायरेक्टर उपस्थित थे. अतिथियों का स्वागत आयोजक वंदना डोसी, विक्की शर्मा, संयोजक अपराजित डोसी और अन्य सदस्यों ने किया. प्रतियोगिता में बेस्ट गरबा मेल फीमेल, बेस्ट ड्रेसअप, बेस्ट ज्वेलरी, बेस्ट कपल और अन्य श्रेणियों में करीब 150 प्रतिभागियों को अतिथियों ने सम्मानित किया. संचालन द्वारका चौरसिया ने किया.

## मलाबार ने न्यूजीलैंड में नए शो-रूम का शुभारंभ किया

**मुंबई.** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने न्यूजीलैंड में अपने कारोबार के विस्तार की गर्व के साथ घोषणा की है. न्यूजीलैंड में कंपनी के पहले शो-रूम का शुभारंभ ऑकलैंड के बॉटनी टाउन सेंटर में किया गया. नए शो-रूम का उद्घाटन ब्रांड के अंतरराष्ट्रीय विस्तार योजना के परिप्रेक्ष्य में एक अहम मील का पत्थर है,

# हिंगोट पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध, समिति सदस्यों को दिए निर्देश

**दीपावली एवं पड़वा पर्व पर हिंगोट चलाने की खतरनाक कुप्रथा रोकने के लिए पुलिस की सक्रिय पहल, थाना बड़वानी में जनसंवाद और शांति समिति की बैठक हुई संपन्न**






**बड़वानी, (नवभारत)।** जिले में दीपावली और पड़वा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने और हिंगोट चलाने की खतरनाक कुप्रथा को रोकने के उद्देश्य से एसपी जगदीश डावर ने सभी थाना क्षेत्रों में जनसंवाद व शांति समिति की बैठक के निर्देश दिए है।

नर्देशों के पालन में एएसपी धीरज बब्बर और एसडीओपी दिनेशसिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिनेशसिंह कुशवाह के नेतृत्व में शहर थाने में दीपावली और पड़वा पर्व मनाने एवं हिंगोट पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए शांति समिति की बैठक और जनसंवाद कार्यक्रम मंगलवार को हुआ।

इस दौरान हिंगोट में विस्फोटक पदार्थ भरने, निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय और असामाजिक तत्वों द्वारा ज्वलनशील हिंगोट चलाने से होने वाले नुकसान के बारे में सभी को जागरूक किया गया। सभी सदस्यों ने हिंगोट जैसी खतरनाक कुप्रथा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने पर सहमति जताई।

पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और विक्रेताओं पर निगरानी रख रही है। समिति के सदस्यों को यातायात, सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था और साफ-सफाई संबंधी दिशा-निर्देश दिए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम पर दे। नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस तरह की गतिविधियों में शामिल न हो और युवाओं को सावधान रखे। इस पर्व को शांति, सुरक्षा और सामूहिक सहयोग के साथ मनाने में प्रशासन का सहयोग करे।

एएसपी धीरज बब्बर ने बताया कि बीते वर्षों में हिंगोट के कारण कई लोग घायल हुए और संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस बार कलेक्टर के आदेश के तहत इसमें संलिप्त 12 लोगों से 1-1 लाख रुपए का बंधपत्र भराया गया है। हम सभी से अपील करते हैं कि दीपावली पर्व को शांति और सुरक्षा के साथ मनाएं। जनसंवाद में तहसीलदार हितेंद्र भावसार, विद्युत विभाग सहायक यंत्री जेआर गंगारे, यातायात थाना प्रभारी विनोदसिंह बघेल, थाना स्टॉफ सहित अधिकारी, पत्रकार, व्यापारी, जनप्रतिनिधि, नगर सुरक्षा समिति सदस्य और नागरिक उपस्थित थे।

**पुलिस रख रही निगरानी**

- संदिग्ध व्यक्ति व विक्रेताओं पर पुलिस रख रही निगरानी।
- हिंगोट के कारण बीते वर्षों में कई लोग हुए घायल।

## महाविद्यालयीन स्तरीय युवा उत्सव संपन्न

**बड़वानी, (नवभारत)।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को महाविद्यालयीन स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत तीसरे दिन के कार्यक्रम संपन्न हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायन वादन तथा नृत्य आदि गतिविधियों का प्रारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ वीणा सत्य तथा डॉ सुप्रिया चौहान ने मां सरस्वती का पुजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया।


सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारी डॉ श्याम नाईक तथा डॉ रंणजीत मेवाड़े ने बताया कि एकल गायन में प्रिया सोलंकी ने प्रथम तथा सुमित चौहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सामूहिक गायन में भोलू बामनिया, मयंक भालके, हंसा धनगर, आरती धनगर, शिवानी तथा रिफा के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह एकल नृत्य में खुशी कुमरावत प्रथम रही।



साथ ही युवा उत्सव का समापन हुआ। इस दौरान डॉ विक्रम चौहान, डॉ भूपेंद्र भार्गव, डॉ हरीश वर्मा, प्रो प्रिती पाटीदार बघेल तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

## योग गुरू का सम्मान

**बड़वानी।** मप्र लेखक संघ खरगोन के बैनर तले खरगोन के राधा वल्लभ मार्केट में कस्तूरी होटल में 3 वरिष्ठ साहित्यकारों की पुस्तकों पाठ कार्पण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़वानी जिले के योग गुरु कृष्ण कांत सोनी पानसेमल को उनके सेवा कार्य नि:शुल्क योग शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए मध्यप्रदेश लेखक संघ खरगोन ने सम्मानित किया। सेवा निवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजड़, योगेश सोनगरिया, कैलाश अग्रवाल, राजनाथ सोहनी, खरगोन नगर पालिका की ब्रांड एंबेसडर डॉ पुष्पा पटेल, साहित्यकार महेश सोहनी की अध्यक्षता में हुए समारोह में पुस्तकों का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। इस दौरान लेखक संघ खरगोन अध्यक्ष एमएस बारचे, वंदना खेड़े, तनवी परसाई, राकेश राणा, राकेश रागी, ब्रजेश बडोले, राजकुमार अत्रे, दिलीप, हरीश दूबे, भानु, शिवनारायण सोनार आदि साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।



**एक नजर में** — **विश्व हिंदू परिषद , बजरंग दल की जिला बैठक संपन्न**

## गीता जयंती, शौर्य संचलन व आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा

**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल, 16 अक्टूबर**
नगर के श्री कृष्ण मंदिर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक संपन्न हुई। बैठक में गीता जयंती, शौर्य संचलन एवं आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार एवं खंड, प्रखंड की कार्यकारिणी को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। संगठन में पूर्व मोहल्ला समिति अध्यक्ष डॉ वेदांत वीरेंद्र शुक्ला को भी सम्मानित किया। वेदांत हाल ही में अर्मेनिया से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है। विहिप विभाग संगठन मंत्री वासुदेव पंड्या, विभाग सह मंत्री ललित तंवर, वक्ता प्रशिक्षण प्रमुख विरेंद्र शुक्ला, जिलाध्यक्ष गिरवार शर्मा, जिला सहमंत्री गिरिश पाटिल, जिला सहमंत्री प्रीत जाधव, जिला सहसंयोजक शुभम पाटिल, जिला मठ मंदिर प्रमुख दत्तात्रेयजी देवरे, जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख सतीश केवट, सेंधवा प्रखंड अध्यक्ष राजेशजी शर्मा, पानसेमल प्रखंड अध्यक्ष हरी जाधव, प्रखंड मंत्री शिवम भदाने, प्रखंड संयोजक अविनाश पवार, विजय सावले, दुर्गेश भदाने, साहिल कोली, हीरा वायकर, जीतू मोरे, सागर बाबर, दीपक सोनिस, आकाश सोनवने ,विशाल पाटिल, गोकुल बाघ, साईं चौधरी शामिल रहे।



**किया सम्मानित**

संगठन में पूर्व मोहल्ला समिति अध्यक्ष डॉ वेदांत वीरेंद्र शुक्ला को भी सम्मानित किया।

## प्रशासन ने अवैध पटाखे की दुकानें हटवाई

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. आज प्रशासन ने रीजनल पार्क पर अवैध पटाखा दुकानें हटाने की कार्रवाई की. अवैध रूप से पटाखा बेचने वाले दुकानदारों को प्रशासन ने नोटिस दिए थे, इसके बावजूद दुकानें चालू थी.**

आज नगर निगम, पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त कारवाई करते हुए रीजनल पार्क रोड पर लगी अवैध पटाका दुकानें हटाने की कार्रवाई की. करीब 10 अवैध दुकानों को हटाया गया है. उक्त दुकानदारों ने प्रशासन द्वारा जारी अस्थाई लाइसेंस की दुकानों के पास अवैध पटाके बेचे जा रहे थे. पिछले साल रीजनल पार्क पर इन्हीं अवैध पटाका दुकानों के कारण आज लग गई थी. इसी को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन ने दुकानें हटवाने की कार्रवाई की. खबर के पुष्टि करते हुए तहसीलदार विवेक सोनी ने कहा कि सुरक्षा और अवैध रूप से पटाका बेचने को लेकर आज संयुक्त कारवाई की गई है.



## करीब 10 लाख का मावा, घी और मिठाई जब्त

**इंदौर. आज खाद्य सुरक्षा विभाग ने करीब 10 लाख का मावा, घी और मिठाई जब्त करने की कार्रवाई की. उक्त मावा, घी और मिठाई ग्वालियर और अहमदाबाद से लाया गया था. कार्रवाई के दौरान किसी ने भी माल का क्लेम नहीं किया.**

खाद्य सुरक्षा विभाग ने आज पीपलियाहाना रिंग रोड पर बाबा ट्रैवल्स के पास से एक निजी बस से 16 बोरी में 6 टन मावा जब्त किया. यह मावा ग्वालियर से एक निजी बस में रखकर आया था. इसके लिए खाद्य अधिकारियों ने चार दिन तक रेकी कर मावा जब्त करने की कार्रवाई की है. खाद्य विभाग द्वारा एक निजी वीर ट्रेवल्स की बस से 1 टन घी और 2 टन मिठाई और 6 सौ किलो मावा जब्त किया.



**कोई क्लेम करने नहीं आया**

खाद्य अधिकारी अवशेष अग्रवाल ने बताया कि चार घंटे की कारवाई में जब्त मावे ऑफ मिठाई का मालिक या सप्लायर क्लेम करने नहीं आया है. जब्त मावे, घी और मिठाई का बाजार मूल्य 8 से 10 लाख रुपए कीमत हो सकती है.

## पूर्व विद्यार्थियों ने पुरानी स्मृतियों को ताजा किया

- गुजराती कॉलेज के पूर्व गुरु-शिष्यों का मिलन समारोह आयोजित

**इंदौर. गुजराती कॉलेज का इंदौर गुजराती आर्ट एवं लॉ कॉलेज ग्रुप 1977-83 बैच के शिक्षक-विद्यार्थियों का दशहरा-मिलन समारोह का आयोजन 56-दुकान पर आयोजित किया गया. जिसमें कॉलेज के पूर्व विद्यार्थियों और शिक्षकों ने शिरकत की. इस अवसर पर प्रो. सुबंधु दुबे, जवाहर चौधरी, लक्ष्मी अयंगर और निरुपमा नागर का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया.**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजराती कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी और छात्र नेता पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा और बालकृष्ण अरोड़ा (लालू-गोपी) ने अपने मित्रों के साथ विचार साझा किए. इस दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया और पुरानी स्मृतियों को ताजा किया. कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के पूर्व विद्यार्थियों द्वारा किया गया था, जिसमें सभी ने अपने कॉलेज के दिनों को याद किया और गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे के साथ पुरानी यादें ताजा कीं और शुभकामनाएं प्रदान करने के साथ भविष्य में पुन: मिलाने का वादा किया.




## बैंक रिटायरीज के ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस में भी जीएसटी कम करने की मांग

**इंदौर. बैंक रिटायरिज की शीर्ष संस्था ऑल इंडिया बैंक रिटायरिज फेडरेशन, मप्र छत्तीसगढ़ स्टेट कमेटी द्वारा सभी सदस्यों के हितार्थ हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी से संबंधित सभी जानकारी, महत्वपूर्ण सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु एक संगोष्ठी आयोजन मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति में किया गया.**

इस संगोष्ठी में इंश्योरेंस सेवाप्रदाता केडी, दस्तूर एंड कंपनी मुंबई प्रधान कार्यालय एवं स्थानीय कार्यालय के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे व उपरोक्त विषय पर सभी बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की, प्रश्नों का समाधान किया. इस संगोष्ठी में सभी बैंकों के सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम में एआईबीआरएफ के राष्ट्रीय महासचिव शरबतचंद जैन, मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य इकाई के अध्यक्ष किशोर धर्माधिकारी, महासचिव शरद व्यास उपस्थित रहे


## राज्य स्तरीय गीता ज्ञान प्रतियोगिता में छात्रा ऐश्वर्या शर्मा को मिला तीसरा पुरस्कार

**इंदौर.** सत्य साई विद्या विहार की कक्षा चौथी की छात्रा ऐश्वर्या शर्मा ने इंदौर का प्रतिनिधित्व कर राज्यस्तरीय गीता ज्ञान प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है. चिन्मय मिशन द्वारा सतना में प्रदेश स्तरीय गीता ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. इसमें ऐश्वर्या ने इंदौर का प्रतिनिधित्व किया. प्रतिभावान छात्रा ने श्रीमद्भगवद् गीता के 15वें अध्याय के श्लोकों का शुद्ध उच्चारण कर अपना स्थान बनाया. इससे कुछ दिन पहले इंदौर में जिला स्तरीय गीता ज्ञान प्रतियोगिता हुई थी, इसमें इंदौर के सभी स्कूलों के 750 से ज्यादा छात्र-छात्रा शामिल हुए थे. इसमें ऐश्वर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था.

**एक नजर में** — **प्रशासन कर रहा खरीदने के लिए प्रचार, विशेषज्ञ बता रहे खतरनाक**

## गोबर के दीये से अग्निकांड का खतरा!

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** प्रशासन द्वारा शहर में गोबर से बने दीये खरीदने और बिक्री का प्रचार किया जा रहा है. इसको प्रशासन का नवाचार बताया जा रहा है, मगर गोबर के दीयों से अग्निकांड का खतरा है. कंडा ज्वलनशील वस्तु की श्रेणी में आता है.



पिछले दिनों नगर निगम हातोद गौ शाला में स्वदेशी आंदोलन को समर्थन करने के साथ गोबर से बने दीयों का निर्माण करने का नवाचार बताया था. इसके लिए दो मशीन हातोद गौ शाला में लगवाई थी. इतना ही नहीं, बाकी शहर में अलग अलग ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर दीये बनाने के लिए ओर मशीनें लगाने की बात कही थी. प्रशासन ने दो लाख से ज्यादा दीये बनाने के साथ गो पालकों को भी गोबर दीये बनाने के लिए प्रोत्साहन करने की बात कही थी. वहीं आज से शहर में गोबर दीयों के अलग अलग स्थानों पर बिक्री केंद्र भी खोले गए हैं. एक बिक्री केंद्र कलेक्टर कार्यालय परिसर में भी खोला गया है. अब गोबर से बने दीयों को लेकर सवाल उठता है.